## महत्वपूर्ण एवं खास

### 22 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह 5 नवम्बर को

**रायगढ़।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग रायगढ़ के तत्वाधान में 22 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2022 का समापन समारोह रायगढ़ जिले में 5 नवंबर को प्रात: 10 बजे से रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर रायगढ़ में विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल करेंगे। इस मौके पर महापौर नगर निगम जानकी अमृत काटजू एवं सभापति जयंत ठेठवार विशिष्ट अतिथि होंगे।

### 14.500 किलो ग्राम गांजा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गरियाबंद (आरएनएस)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के दिशा. निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शनए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मैनपुर अनुज कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही करने के दिशा. निर्देश प्राप्त होने पर आज 3 नवंबर 2022 को थाना मैनपुर को मुखबीर से सुचना प्राप्त हुआ की एक व्यक्ति झरियाबाहरा तिराहा के पास एक बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा जैसा अपने पास रखकर खड़ा है। उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी मैनपुर उनि ताराचंद रजक एवं हमराह स्टाप तत्काल झरियाबाहरा तिराहा के पास पहुंचकर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकडक़र एक व्यक्ति से पुछताछ किये जिसके कब्जे से एक बैग में खाखी रंग के टेप से लपेटा हुआ 01 पैकेट में कुल 14.500 किलोग्राम गांजा एक नग मोबाईल किमती 1,45000 रूपये का होना पाये जाने से जप्त कर विधिवत कार्यवाही कर आरोपी तोसिब खान पिता हमिद खान उम्र 25 साल साकिन माधोपुर खेरदा थाना मानटाउन जिलासेवाई माधोपुर (राजस्थान) के विरूद्ध थाना मैनपुर में अपराध क्रमांक 114 /2022 धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया प्रकरण अजमानतीय होने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रिमाण्ड पर भेजा गया है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मैनपुर उनि ताराचंद रजक, प्रधान आरक्षक डिगेश्वर साहू, विनोद सिंह नरेटी एवं आरक्षक संजय सुर्यवंशी, राकेश टंडन, दीपक साहुए कोमल सोनकर, सैनिक पुरूषोत्तम डहाटे की सराहनीय भूमिका रही।

### यदि दस साल पहले बना है आधार कार्ड तो जल्द करायें अपडेट, वरना हो सकती है परेशानी

**रायपुर (आरएनएस)।** यदि आपका आधार कार्ड दस साल पहले बना है तो उसे जल्द से जल्द अपडेट करा ले। अन्यथा सरकारी योजनाओ व सेवाओं का लाभ लेने में कठिनाई के साथ दूसरी परेशानियों का भी सामना करना पड़ सकता है। भारत के यूनिक पहचान प्राधिकरण ने पिछले दस वर्षों के दौरान अपडेट नहीं हुए आधार डॉक्यूमेंट -आधार कार्ड को अपडेट कराने अपील कार्ड धारकों से की है। आधार नंबर व्यक्ति के पहचान के रूप में जारी पहचान पत्र है। आधार नंबर के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं व् सेवाओं का लाभ लिया जा रहा है। इन योजना और सेवाओं का लाभ निरंतर जारी रखने आधार डॉक्यूमेंट के डाटा को अपडेट रखना चाहिए। इससे आधार प्रमाणीकरण सत्यापन में किसी तरह कि परेशानी ना हो । इसे देखते हुए प्राधिकरण ने ऐसे लोगों जिन्होंने 10 वर्ष पहले आधार डॉक्यूमेंट बनवाया था, लेकिन इसके बाद कभी अपडेट नहीं कराया है, उन्हें आधार अपडेट कराने की अपील की है।

# चार लोकल लड़कों का गैंग शहर में कर रहे थे लूटपाट : कोतवाली पुलिस के हाथ आए दो आरोपी, दो लूटपाट की घटना किए कबूल

**❐ आरोपियों से लूटा हुआ एप्पल कंपनी का आईपैड, एप्पल कंपनी का मोबाइल, नगद रकम और घटना में प्रयुक्त स्कूटी जब्त**



**रायगढ़।** जिले में संपत्ति संबंधी अपराध लूट, चोरी, नकबजनी में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा थाना, चौकी प्रभारियों एवं साइबर सेल की टीम को सूचना संकलन मजबूत कर उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर संपत्ति संबंधी अपराधों में शीघ्र माल मुल्जिम पतासाजी का निर्देश दिया गया है।

इस क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के महत्वपूर्ण दिशा निर्देशन पर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज लेकर अज्ञात आरोपियों के कद-काठी और हुलिए के आरोपियों की पतासाजी के लिए अपने स्टाफ और मुखबिरों को लगाकर रखे जिनसे मिले इंनपुट पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये कई स्थानों पर दबिश दिये जिस पर शहर में लूटपाट को अंजाम दे रहे 4 लड़कों के गैंग का पता लगाया जिनके दो आरोपी- सचिन बाग (24 साल) और राहुल सांडे (25 साल) दोनों निवासी बापूनगर रायगढ़ को हिरासत में लिया गया। दोनों आरोपी कोतवाली थाना क्षेत्र में पिछले महीने लाल टंकी के पास और उर्दना तिराहा के पास लूटपाट करना कबूल किये हैं जिनके कब्जे से एक एप्पल का आईपैड, एप्पल कंपनी का एक मोबाइल, नगद रकम रु.4,00 और घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी जप्त किया गया है। आरोपियों के 2 फरार साथी हैं जिनकी पतासाजी गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ नियुक्त किया गया है।

**लूट केस 1-**

पीड़ित जीत प्रधान पिता श्यामलाल प्रधान उम्र 20 वर्ष निवासी फारेस्ट रेंज कालोनी बेलादुला रायगढ के साथ दिनांक 22.10.2022 की रात्रि करीब 04:15 बजे चार अज्ञात लड़के लाल टंकी रोड के सामने जीत प्रधान के सिर पर स्वेटर ढ़ककर चाकू का भय दिखाकर बैग लूटकर भाग गये। बैग में जीत प्रधान का एप्पल आईफोन, वन प्लस 7 प्रो मोबाईल, एप्पल आईपेड, आधार कार्ड, आरसी बुक और 1500/- रूपये रखा था। पीड़ित बताया कि मुंबई में रहकर बीए इंग्लिस आर्नस की पढाई कर रहा है, मुबई से गीताजंली एक्सप्रेस से रायगढ आया और केवड़ाबाड़ी जाकर नास्ता करके पैदल अपने घर बेलादुला जा रहा था। उस वक्त लूटपाट हुआ कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपियों पर अप.क्र. 1435/2022 धारा 394, 34 IPC दर्ज कर माल मुल्जिम पतासाजी किया जा रहा था।

**लूट केस 2-**

दिनांक 26.10.2022 को थाना कोतवाली में ग्राम लाखा में रहने वाला गंभीर सिंह (44 साल) उर्दना उदय तिराहा के पास दो अज्ञात युवकों द्वारा मोबाइल और बाइक लूट लिये जाने की रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि सब्जी बेचने का काम करता है, सुबह करीब 05:00 बजे अपने मोटर सायकल होडा साइन क्रमांक CG13 AM 1423 से सब्जी लेने पटेलपाली मंडी जा रहा था कि उर्दना उदय तिराहा के पास दो अज्ञात व्यक्ति गाड़ी के सामने आकर गाड़ी हमारे ऊपर चढा दोगे कहकर गाड़ी का चाबी निकाल लिये और डरा धमकाकर जेब में रखे रियलमी मोबाईल और 800/ रूपये निकाल लिये और धारदार हथियार से मारे जिसे हाथ से बचाव किया और चिल्लाया, तब दोनों बाइक भी लेकर बड़े रामपुर की ओर भाग गये, रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपियों पर अप.क्र. 1450/2022 धारा 394, 34 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर कोतवाली पुलिस संदिग्धों से धरपकड़ कर पूछताछ किया जा रहा था।

माल मुलजिम की पतासाजी में लगी टीम द्वारा आज दो संदिग्ध सचिन बाग और राहुल सांडे को हिरासत में लिया गया। दोनों अपने दो अन्य साथियों के साथ दोनों घटना को अंजाम देना और लूट के सामनों को आपस में बांट लेना बताये। आरोपी सचिन बाग से एप्पल कम्पनी का आई पैड रूपये और घटना में प्रयुक्त स्कुटी CG 13 AJ-3756 एवं आरोपी राहुल सांडे से एक एप्पल का मोबाइल जप्त कुल कीमत करीब 2 लाख रूपये की सम्पत्ति जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों को लूट के उपरोक्त दोनों अपराधों में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है

**गिरफ्तार आरोपी -**

(1) सचिन बाग पिता किशोर कुमार बाग उम्र 24 साल

(2) राहुल सांडे पिता अर्जु सांडे 25 साल दोनों निवासी बापू नगर थाना कोतवाली रायगढ़

लूटपाट में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू दिग्विजय दास वैष्णव, आरक्षक पुष्पेंद्र जटवार, उत्तम सारथी और गुलशन भास्कर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## पुलिस टीम ने की होटल, धर्मशाला और लॉज की औचक जांच : बिना आईडी कमरा नहीं देने के दिए निर्देश



**रायगढ़।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के निर्देश पर बुधवार की शाम जिले के सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र स्थित लॉज, धर्मशाला और होटल को सरप्राइज चेक कर वहां ठहरने वाले लोगों के रूकने का आशय जांच कर उनके आईडी की प्रति संचालक लिये हैं या नहीं इसकी बारीकी से जांच किया गया और रजिस्टर चेक किया गया। इस दौरान पुलिस ने कमरों को भी देखा। नियमों का अनदेखी करने वाले संचालकों को पुलिस टीमों ने फटकार भी लगाये।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर होटल, धर्मशाला, लॉज और रैन बसेरा पर पुलिस अभियान चलाकर चेकिंग किया गया। पुलिस ने होटल संचालकों को निर्देश दिए कि बिना आईडी कार्ड के किसी को कमरा नहीं दिया जाए। ठहरने वाले हर मुसाफिर से पहचान पत्र की छायाप्रति लेने के साथ रिकॉर्ड रखा जाए। अगर किसी की गतिविधि संदिग्ध हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। ऐसा नहीं करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संचालकों को उनके कर्मचारियों के भी वेरिफिकेशन कराने और सीसीटीवी कैमरों में बढोत्तरी कर बेहतर रख रखाव के लिए कहा गया।

## दुष्कर्म के अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्यवाई कर दो आरोपियों लिया गया हिरासत में

**रायगढ़।** महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशील रायगढ़ पुलिस एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर महिलाओं एवं नाबालिग बच्चों के आये रिपोर्ट पर गंभीरता पूर्वक त्वरित कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल थाना कोतवाली में महिला और नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आये रिपोर्ट पर पीड़ित के आवेदनों पर अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय को अवगत कराते हुए उनके मार्गदर्शन पर दुष्कर्म के दर्ज मामलों में आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये टीम बनाकर रवाना किया गया जिस पर महिला से दुष्कर्म के आरोपी इरफान अली (40 साल) निवासी जगतपुर रायगढ़ एवं बालिका से दुष्कर्म के आरोपी राजा बंधन उर्फ राजपाल (30 साल) निवासी बापू नगर थाना कोतवाली को हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार कल दिनांक 02.11.2022 को थाना कोतवाली आकर महिला द्वारा आरोपी इरफान अली घर में बुलाकर शारीरिक संबध बनाने और इस कृत्य में उसकी बहन यास्मिन मसीह, शायरा बानो और संदीप लकड़ा द्वारा सहयोग करना बताते हुये लिखित आवेदन पेश किया गया। पीड़ित महिला बताई कि आरोपी इरफान अली के शाहीन बिरयानी सेंटर ढिमरापुर में काम करने वालों से अच्छा जान पहचान था। इरफान की बहन यास्मिन मसीह, सायरा बानो अपने पास रखेंगे और देखरेख करेंगे कहकर बुलाने पर उनके साथ थी। वर्ष 2010 में एक दिन इरफान अकेली पाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। जब इस बात को उसकी बहन सायरा को बताई तो वे डराये धमकाये और किसी को भी नहीं बताना कहकर धमकी दिये। उसके बाद कई बार इरफान होटल और कई जगह संबंध बनाया, जिसके साथ संदीप लकड़ा भी रहता था। युवती के आवेदन पर आरोपी इरफान अली, यास्मिन मसीह, शायरा बानो और संदीप लकड़ा पर धारा 376, 376(छ), 506, 34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी इरफान अली पिता मीर इरशाद अली उम्र 40 साल निवासी जगतपुर ढिमरापुर थाना कोतवाली रायगढ़ को हिरासत में लिया गया है। शेष आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

वहीं कल जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के रहवासी आकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि उनकी नाबालिग लड़की को दिनांक 01.11.2022 को सारंगढ़ से राजा बंधन उर्फ राजपाल अपने साथ रायगढ़ लेकर आया जिसे रात को ही घर पहुंचा दिया। दिनांक 02.11.2022 को लड़की का तबियत खराब होने से पूछे तो राजा बंधन डरा धमकाकर दुष्कर्म करना बताई। पीड़ित की मां के रिपोर्ट पर दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट की धाराओं पर कार्यवाही कर आरोपी राजा बंधन उर्फ राज पाल उम्र 30 साल निवासी बापू नगर थाना कोतवाली रायगढ़ को हिरासत में लिया गया है।

## राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता : वंशिका एवं उदित साइकिलिंग में रहे प्रथम, टेनिक्वाईट एवं सॉफ्टबाल में रायपुर संभाग का रहा दबदबा



**रायगढ़।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2022 का आयोजन रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर में किया जा रहा है। जिसमें आज दूसरे दिन साइकिलिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ एकताल रोड स्थित मातृ एवं शिशु चिकित्सालय से हुआ। कुल 10 कि.मी की इस साइकिलिंग प्रतियोगिता में 17 वर्ष बालिका वर्ग में बिलासपुर संभाग के रायगढ़ जिले की वंशिका महाणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर दुर्ग संभाग की पूनम चौधरी, तीसरा-इंशिता सिंग दुर्ग, चौथा-चाहत साहू दुर्ग, पांचवा-प्रीति साहू दुर्ग एवं छठवें स्थान पर बिलासपुर की किरण रही। इसी तरह 19 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर संभाग रायगढ़ जिले के उदित नारायण-प्रथम, बिलासपुर संभाग के निखिल यादव-द्वितीय, बस्तर संभाग के मुन्ना-तृतीय एवं दुर्ग संभाग के करण चौथे स्थान पर रहे।

टेनिक्वाईट खेल प्रतियोगिता 14 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर एवं बिलासपुर के बीच हुए प्रतियोगिता में रायपुर विजेता रहे, रायपुर एवं सरगुजा के बीच हुए प्रतियोगिता में रायपुर विजेता तथा रायपुर एवं दुर्ग के बीच हुए प्रतियोगिता में रायपुर ही विजेता रहे। इसी तरह बालिक वर्ग में बिलासपुर एवं सरगुजा के बीच हुए प्रतियोगिता में बिलासपुर विजेता, रायपुर एवं सरगुजा के बीच हुए प्रतियोगिता में रायपुर विजेता तथा रायपुर एवं दुर्ग के बीच हुए प्रतियोगिता में रायपुर विजयी रहा। बालक 17 वर्ष में दुर्ग एवं सरगुजा के बीच हुए प्रतियोगिता में दुर्ग विजयी, रायपुर एवं दुर्ग के बीच हुए प्रतियोगिता में रायपुर विजयी रहा। बालिका 17 वर्ष में रायपुर-बिलासपुर में रायपुर विजेता, रायपुर-दुर्ग में रायपुर विजेता एवं रायपुर-सरगुजा के बीच हुए मुकाबले में रायपुर विजयी रहा। बिलासपुर एवं दुर्ग में दुर्ग विजेता तथा सरगुजा एवं बिलासपुर के बीच हुए प्रतियोगिता में बिलासपुर विजयी रहा। बालक 19 वर्ष में रायपुर एवं सरगुजा के बीच हुए प्रतियोगिता में रायपुर विजयी एवं 19 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर-सरगुजा में रायपुर विजयी, बिलासपुर-सरगुजा के बीच हुए मुकाबले में बिलासपुर विजयी, बिलासपुर एवं दुर्ग के बीच हुए प्रतियोगिता में दुर्ग विजयी रहा।

सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग एवं बस्तर के बीच हुए मुकाबले में दुर्ग विजेता, बिलासपुर-दुर्ग में बिलासपुर विजेता, रायपुर-सरगुजा में रायपुर विजेता, बस्तर-सरगुजा में बस्तर बनी विजेता तथा दुर्ग एवं रायपुर के बीच हुए मुकाबले में रायपुर विजेता रही। 17 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर एवं बस्तर के बीच हुए प्रतियोगिता में बिलासपुर विजेता, सरगुजा-बस्तर में बस्तर आगे रहा, रायपुर एवं सरगुजा में रायपुर बने विजेता, बिलासपुर एवं सरगुजा के बीच हुए प्रतियोगिता में बिलासपुर विजेता, रायपुर एवं बस्तर के बीच में रायपुर आगे, दुर्ग-सरगुजा में दुर्ग विजेता, 19 वर्ष बालक वर्ग में सरगुजा-बस्तर के बीच हुए मुकाबले में बस्तर विजेता, रायपुर एवं सरगुजा में रायपुर आगे, दुर्ग-बस्तर में दुर्ग विजेता, बिलासपुर एवं सरगुजा में बिलासपुर विजेता, रायपुर एवं बस्तर के बीच हुए मुकाबले में रायपुर विजयी रहा, दुर्ग-सरगुजा में दुर्ग विजेता रहा। इसी तरह बालिका 19 वर्ष में सरगुजा एवं बस्तर के बीच हुए मुकाबले में सरगुजा विजेता रही।

## पिछले वर्ष से कैरी फारवर्ड होकर दिखा रहा है जीरो रकबा

**❐ किसान तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर करवा सकते है संशोधन**

**रायगढ़।** धान विक्रय के मद्देनजर जीरो रकबा संबंधित परेशानियों को दूर करने के लिए रकबा संशोधन का कार्य तहसील कार्यालय में किया जा रहा है। ताकि किसान समय पर धान का विक्रय कर सके। किसान अपने बी-1, बी-2 आधार कार्ड एवं आवेदन के साथ तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर अपने रकबा का संशोधन करा सकते है।

अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी सुनील सोढ़ी ने बताया कि वर्तमान खरीफ वर्ष 2022-23 में धान खरीदी पोर्टल में जिन किसानों का धान का रकबा जीरो दिखा रहा है वे पिछले वर्ष से कैरी फॉरवर्ड होकर प्राप्त होना पाया गया है। जिसका संशोधन वर्तमान में तहसील माड्यूल के माध्यम से किया जा रहा है। अत: ऐसे किसान जो जीरो रकबा संशोधन करवाना चाहते है वे सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर संशोधन करवा सकते है। इसके लिए तहसीलदारों को विशेष रूप से निर्देश जारी किए गए है।

## चोरी के चार मोटर पंप के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**❐ मोटर पम्प बेचने ग्राहक तलाश करते समय आए धरमजयगढ़ पुलिस के हाथ**



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को जुआ, सट्टा एवं सम्पत्ति संबंधी अपराधों में अंकुश लगाने संदिग्धों पर निगाह रखने एवं प्रभावी कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा सूचना संकलन सुदृढ कर प्रभारियों को पेट्रोलिंग एवं रात्रि गश्त सूचनाओं पर तत्काल रेड कार्यवाही का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में कल दिनांक 02.11.2022 को धरमजयगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक नंदलाल पैकरा हमराह स्टॉफ के साथ देहात पेट्रोलिंग पर थे, इस दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम सिथरा, धरमजयगढ़ में कुछ व्यक्ति मोटर पंप बेचने के ग्राहक ढूंढ रहे हैं, तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ ग्राम सिथरा में दबिश दिया गया, जहां ग्राम सिथरा का मानसिंह चौहान, जगरनाथ राठिया, प्रताप सिंह राठिया और ग्राम हाटी छाल का नरेंद्र कुमार साहू चार मोटर पंप पकड़े हुए मिले, मोटर पंप के संबंध में पूछताछ करने पर वे लोग कुछ दिनों पहले गांव आसपास पंप चोरी करना बताये। आरोपियों से 4 नग मोटर पंप कीमत करीब रु.50000 का जप्त कर मोटर पंप चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर आरोपी – मान सिंह चौहान पिता धनीराम चौहान उम्र 27 वर्ष, जगरनाथ राठिया पिता सनात राठिया उम्र 25 साल, प्रताप सिंह राठिया पिता शेर सिंह राठिया उम्र 30 वर्ष तीनों निवासी सिथरा थाना धर्मजयगढ़ और नरेंद्र कुमार साहू पिता झाड़ू राम साहू 26 साल निवासी हाटी थाना छाल के विरूद्ध थाना धरमजयगढ़ में धारा 41(1+4)CrPC/ 379 IPC के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंदलाल पैकरा के साथ हमराह प्रधान आरक्षक एडमोन खेस, उमाशंकर धृतांक, आरक्षक धनेश्वर उरांव, पुष्पेन्द्र सिदार, अर्जुन एक्का और बिरबल टोप्पो की अहम भूमिका रही है।

## साइबर क्राइम के प्रति विद्यार्थियों में जागृति लाने सायबर सेल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित की जागरूकता कार्यक्रम



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर जिले में सायबर सुरक्षा पर आधारित सायबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से सायबर क्राइम से बचाव की जानकारी रहवासियों को दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज 3 नवम्बर को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल एवं अन्य स्टाफ के द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में छात्र एवं छात्राओं को जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सायबर अपराधों फर्जीकाल ठगी, एटीएम ठगी, आनलाइन ठगी, फेसबुक, व्हाटसअप आदि से संबंधित अपराधों के संबंध में जानकारी दिया गया व हेल्प लाइन नम्बरों को बताये गये। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारणों को बताया गया और अभिव्यक्ति ऐप की विशेषता बताकर घर के मोबाइल पर डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र-छात्राओं को सायबर प्रभारी SI कमल किशोर पटेल सोशल मीडिया प्लेटफार्म में सावधानी बरतने तथा मोबाइल गेम्स को भी एक प्रकार का नशा नहीं होना बताकर उसके दुष्प्रभाव के बारे में बताये। सायबर सेल प्रभारी विद्यार्थियों को किसी भी अनजान शख्स को एटीएम, क्रेडिट कार्ड आदि की जानकारी देने, ओटीपी या पासवर्ड साझा करने से सायबर अपराधों का होना बताये और इस तरह के फ्राड से बचने कहा गया। छात्रों को आपातकालीन स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1098 पर काल कर मदद लेना बताये और जागरूकता ही सायबर अपराधों से बचाव का बड़ा हथियार है कहा गया।

सायबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल बताएं कि दिन-ब-दिन साइबर क्राइम में बढ़ोतरी हो रही है इसलिए साइबर जागरूकता के कार्यक्रम का आयोजन कर पुलिस लोगों को जागरूक किया जा रहा है। विशेषकर मोबाइल पर इंटरनेट का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतें फेक कॉल को नजरअंदाज करें किसी भी प्रकार के इनाम, लॉटरी के झांसे में ना आए। महिला प्रधान आरक्षक रेनू मंडावी ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम में बताये गये जानकारियों को अपने घरों में शेयर करने कहा गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480